**Nai Dunia (Indore), 17th August 2020, Page-5**

# महामारी के बीच भी पढ़ाई में नहीं होगी बाधा

## आइआइटी इंदौर में हुए कार्यक्रम में कार्यवाहक निदेशक ने संबोधित किया

इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में कार्यवाहक निदेशक प्रो. निलेश कुमार जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रो. जैन ने कहा कि महामारी की स्थिति ने विश्व स्तर पर सभी विद्यार्थियों को प्रभावित किया है।

हर शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों से जुड़ने के लिए नए तरीके खोज रहा है। संस्थान ने तय किया है कि विद्यार्थियों को किसी भी शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधित गतिविधियों में नुकसान नहीं होने देंगे। महामारी के बीच भी संस्थान अपनी प्रयोगशाला और अनुसंधान सुविधाओं को जारी रखेगा।

सुरक्षा और सावधानी के साथ विद्यार्थी शिक्षकों से संवाद भी कायम रख सकेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्थान में नई सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। इसके तहत सीवी रमन हॉल बनाया गया है। इसमें 490 विद्यार्थियों के ठहरने की क्षमता है। बेडरूम, रसोई घर, शौचालय और सभी सामान्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

### बच्चों के लिए प्ले स्कूल बनाया

आइआइटी कैंपस में रहने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चों के लिए परिसर में प्ले स्कूल बनाया गया है। इसमें खेलने के उपकरण, बच्चों को सुलाने की व्यवस्था, भोजन और कपड़े धोने की सुविधा दी गई है। संस्थान में विभिन्न राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों के बीच बेहतर व्यवहार बनाने के लिए एक इकाई बनाई गई है। मेहमानों के लिए 18 कमरे का विंध्याचल गेस्ट हाउस भी बनाया गया है। इसमें भी रसोई घर, हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा है। कार्यक्रम में आइआइटी इंदौर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन प्रो. दीपक फाटक भी शामिल हुए।



आइआइटी इंदौर कैंपस में स्टाफ के बच्चों के लिए प्ले स्कूल शुरू किया गया है। ● सौजन्य संस्थान